हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, रविवार, 16 जून 2024

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 32.0 डिग्री

12 तीसरी बार बनेगी प्रदेश में भाजपा की सरकार : रजाना



12 धान की प्योद तैयार करने के लिए बहाना पड़ रहा पसीना



## खबर संक्षेप

### मारपीट करने पर चिकित्सक सहित चार के खिलाफ केस

जींद। पटियाला चौक पर मारपीट करने पर शहर थाना पुलिस ने चार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मारपीट की घटना सीसी टीवी में कैद हो गई है। पटियाला चौक निवासी चंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पौता पारस स्कूटी चला रहा था। गली में रहने वाले डा. गौरव लखीना ने उसके पौते के साथ मारपीट की।

### बस की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

कैथल। चीका के पटियाला रोड पर बस की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। गुहला के शमशेर सिंह ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 14 जून को जब अरुण बाइक पर से जा रहा था तो एक बस चालक ने बस को तेज गति लापरवाही से चलते हुए उसे चपेट में ले लिया।

### फ्रीज ठीक न करने का उल्हाना दिया तो हमला

जींद। फ्रीज अच्छे से ठीक न करने का उल्हाना दिया तो मैकेनिक भाइयों ने हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बनियाखेड़ा निवासी कपिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने पिल्लूखेड़ा में गांव के मैकेनिक विकास से फ्रीज ठीक करवाया था।

### हेरोइन सप्लाई मामले में आरोपित गिरफ्तार

कैथल। थाना चीका पुलिस के एएसआई संदीप की टीम ने हेरोइन सप्लायर आरोपी कल्लर माजरा निवासी सुखदेव को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पांच को थाना चीका एसआई रामपाल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी कल्लर माजरा निवासी अशोक को 2.12 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया गया था।

### जींद की युवती का चंडीगढ में यौन शोषण

जींद। चंडीगढ़ में युवती का यौन शोषण करने तथा मारपीट करने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मां व बेटा के खिलाफ यौन शोषण करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जीरो एफआईआर चंडीगढ़ पुलिस को भेज दी है। शहर थाना इलाके की एक युवती ने पुलिस को शिकायत दी है।

### फैक्टरी से हजारों की मशीन चुराई

कैथल। कैथल के फ्रांस वाला रोड एक फैक्टरी से चोर हजारों रुपए की मशीन चुरा कर ले गए। इस संबंध में कैथल शहर पुलिस को दी शिकायत में विनीत ने आरोप लगाया है कि वह फ्रांस वाला रोड के निकट पार्टनर त्रिवेणी फूड्स चलाता है। आरोप है कि चोर 8 जून को उसके फैक्टरी में घुसे तथा वहां पर रखी चावल कैट मशीन चुरा कर ले गए।

### अश्लील हरकत, पीड़िता के पति को धमकाया

जींद। गांव फूलिया कलां में महिला से अश[illegible] तथा महिला के पति को धमकी देने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ अश[illegible] करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दूसरा बच्चा लड़का होने पर मिलेंगे 5000 रुपये

कैथल। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना के तहत अब कामगार महिलाओं को दूसरा बच्चा लड़का होने पर भी पांच हजार की राशि दी जाएगी। राशि गर्भावस्था के दौरान कामगार महिलाओं की मजदूरी के नुकसान की भरपाई व स्तनपान कराने वाली महिलाओं में पोषण सुनिश्चित करने के लिए प्रदान की जाती है।

## कलायतः राज मिस्त्री की बेटी राखी का एचसीएस में चयन



कलायत। कलायत में राज मिस्त्री रविंद्र धीमान की बेटी राखी का हरियाणा सिविल सेवा में चयन हुआ है। इस परीक्षा को पास करने वाली वे कलायत नगर की पहली बेटी हैं। राखी की इस उपलब्धि पर न केवल परिवार बल्कि कलायत नगर में प्रसन्नता व गर्व का माहौल बना है। राखी बाहरवी कक्षा तक राजकीय आरोही माडल स्कूल आरोही माडल स्कूल की छात्रा रही हैं। राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक जितेंद्र राठौड ने कहा कि राखी ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया। 12वीं कक्षा में उसने राजनीति विज्ञान में शत प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में पहल स्थान हासिल किया। 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में सफलता हासिल करने के बाद स्कूल में उसका सम्मान समारोह किया जिसमें उसने अपने अध्यापकों व विद्यार्थियों से वायदा किया था कि अब स्कूल में मैं कुछ बन कर ही आऊंगी। आज उसने वायदा पूरा कर दिखाया। राखी के परिवार के सदस्य दिनेश धीमान ने बताया की बारहवीं कक्षा के बाद उसका दाखिला सेंट स्टीफन कालेज दिल्ली में हो गया था। वहां से राजनीति विज्ञान में आनर्स के साथ ग्रेजुएशन करने के बाद अब चंडीगढ़ से पीजी कर रही है।



उचाना। एयर फोर्स में लेफ्टिनेंट बना झांज का बेटा पीरियल गोयत ट्रेनिंग के बाद परिवार के साथ।

## गांव झांज का बेटा पीरियल गोयत बना एयरफोर्स में लेफ्टिनेंट

उचाना। गांव झांज खुर्द निवासी पीरियत गोयत एयर फोर्स अकेदमी हैदराबाद से 1 साल की ट्रेनिंग करे पास आउट हुआ। पीरियल गोयत का एएफसीएटी-2022 की परीक्ष में चयन हुआ था। पीरियल गोयत के दादा बलबीर सिंह ने बताया कि पीरियल गोयत बचपन से ही पढ़ाई में होशियार था। सेना में जाने का उसका बचपन से ही सपना था जो उसने पूरा किया। पिता बिजेंद्र गोयत एयर फोर्स स्टेशन बलेगांव में वारंट ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। माता गृहणी है जबकि छोटी बहन एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। पीरियल गोयत ने बताया कि उनके पिता एयर फोर्स में है तो ऐसे में उसका सपना भी था कि वो एयर फोर्स में जॉब लगे। इस सपने को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत की जो अब सफल हो गई है। जीवन में हमेशा बड़े सपने देखने के साथ उनहें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। कोई भी मंजिल दूरी नहीं होती है अगर उसे पाने के लिए कड़ी मेहनत की जाए तो वो मंजिल मिल जाती है।

## बांगर के बेटे ने पास की एचसीएस की परीक्षा

- एचसीएस की परीक्षा 675 में से 399.99 अंक प्राप्त किए



उचाना। बांगर के बेटे अभिषेक खटकड़ ने एचसीएस की परीक्षा 675 में से 399.99 अंक लेकर पास की। खटकड़ के बेटे अभिषेक खटकड़ ने एचसीएस की परीक्षा पास की। एचसीएस की परीक्षा के जारी परिणाम में अभिषेक खटकड़ ने 675 में से 399.99 अंक प्राप्त किए। एचसीएस की परीक्षा दूसरी बार में अभिषेक खटकड़ ने पास की। अभिषेक ने बताया कि वो सोशल मीडिया से बिल्कुल दूर रहा। पूरे दिन में आठ से 10 घंटे पढाई करता था। अब आईएएस की तैयारी अगला लक्ष्य है। बीएससी राजकीय कॉलेज जींद से करने के बाद डीयू दिल्ली में पढ़ाई की। एचसीएस की परीक्षा में 675 में से 399.99 अंक उसको मिले है। एचसीएस की परीक्षा पास होने की जानकारी मिलने पर परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। गांव के लोगों ने अभिषेक के मकान पर आकर परिवार के लोगों को बधाई दी। ग्रामीणों ने कहा कि ये गांव के लिए गर्व की बात है। अब तक गांव के किसी भी युवा न एचसीएस की परीक्षा पास नहीं की थी। अभिषेक खटकड़ ने एचसीएस की परीक्षा पास करके गांव का नाम रोशन करने का काम किया है। गांव के लाडले बेटे पर हर किसी को गर्व है। गांव के साथ.साथ आसपास के युवाओं को भी अभिषेक खटकड़ से प्रेरणा मिलेंगी। ऐसे होनहार युवा हर गांव में होने चाहिए। ग्रामीण अंचल के बेटे भी निरंतर हर क्षेत्र में आगे आ रहे है जो भविष्य के लिए अच्छे संकेत है।

### परिजनों ने मौत पर जताया संदेह, कार्रवाई की मांग कर रहे थे परिजन

# मृतक कैदी के शव को लेने से इनकार किया तो दौड़ा अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला कारागार की लॉड्री में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटके मिले उम्र कैद की सजा काट रहे कैदी की मौत का मामला शनिवार उस समय गरमा गया जब परिजनों ने जेल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर शव को लेने से मना कर दिया। परिजनों के बिफरने की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना तथा शहर थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए और परिजनों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि मामले की जांच 'यूडीशियल मजिस्ट्रेट द्वारा जांच की जा रही है। जिसमें पुलिस का कोई हस्तक्षेप नही है। समझाने पर दोपहर को परिजन शव को मॉर्चरी से शव को उठाने का राजी हो गए। जिसके बाद पुलिस ने भी राहत की सांस ली। जिला कारगार की लॉड्री में शुक्रवार को उम्र कैद की सजा काट रहे संत नगर निवासी शुभम (26) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला था। 'यूडिशियल मजिस्ट्रेट की देखरेख में शव को फांसी के फंदे से उतार कर नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। शनिवार को वीडियोग्राफी के साथ चिकित्सक बोर्ड से शुभम का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसके बिसरे को जांच के लिए लेबोरटरी भेज दिया गया। मृतक कैदी के परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद शव को उठाने से यह कह कर मना कर दिया कि उन्हें मौत पर संदेह है। उन्होंने हत्या की आशंका जताई। मृतक के पिता दलबीर ने बताया कि शुभम सात साल से जेल में बंद था। उसे 2020 में उम्र कैद की सजा हो गई थी। जेल के फोन से बातचीत भी होती थी। कोई परेशानी उसे नही थी। अब शुभम ने फांसी क्यों लगाई। इसका जिम्मेवार जेल प्रशासन है। बिना करण के कोई जान नही दे सकता है। उसका बेटा साजिश का शिकार हुआ है। जब तक जेल अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज नही होता, तब तक शव को नही उठाएंगे। मृतक कैदी के परिजनों के बिफरने की सूचना पर सिविल लाइन थाना प्रभारी सुखबीर सिंह तथा शहर थाना प्रभारी नागरिक अस्पातल पहुंचे। उन्होंने कहा कि मामले की जांच 'यूडिशियल मजिस्ट्रेट द्वारा की जा रही है। जिसमे पुलिस को कोई हस्तक्षेप नही है। पुलिस का कार्य कानून व्यवस्था बनाए रखना है। न्यायिक प्रक्रिया से बढ़ कर कोई जांच नही है। हर पहलू को जांच के दायरे में रखा जाता है।

## समझाने पर माने परिजन, शव को ले जाने पर पुलिस ने ली राहत की सांस



जींद। मृतक परिजनों से बातचीत करते पुलिस अधिकारी। फोटो :हरिभूमि





जींद। नागरिक अस्पताल में एकत्रित हुए मृतक परिजन। फोटो :हरिभूमि

### ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कर रहे जांच

सिविल लाइन थाना प्रभारी सुखबीर सिंह ने बताया कि मामले की जांच 'यूडिशियल मजिस्ट्रेट द्वारा की जा रही है। परिजनों को समझा दिया गया कि इससे बड़ी तथा निष्पक्ष जांच ओर नही हो सकती। जिस पर परिजन शांत को गए और शव को उनके हवाले कर दिया गया।



राजौंद। सड़क पर दुकानों के आगे रखे सामान का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

### अतिक्रमण की भेंट चढ़ा कैथल-असंध मुख्य मार्ग

राजौंद। राजौंद में पूंडरी चौंक, कैथल-असंध मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण के चलते जाम लगना हर रोज की दिनचर्या बनकर रह गई है। बता दे कि प्रशासन द्वारा पूर्व में किए गए प्रयासों के तहत जाम की जद्दोजहद से नगर वासियों के साथ -2 यात्रियों को भी निजात मिल गई थी। सड़क पर बढ़ रहे अतिक्रमण की वजह से वाहन चालकों व कस्बावासियों को फिर से जाम रूपी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे नरेश, कमल, राजकुमार, हवा सिंह विलायती रावर ने बताया कि ओवर लोड ट्रैकटर व ट्रालियां ओर भी ज्यादा समस्या गंभीर कर देती हैं। कई बार यह जाम लंबी-लंबी लाइनों में तबदील होते देर नहीं लगाता। जाम में फंसने के बावजूद हर वाहन चालक व यात्री इंतजार के सिवाय कुछ नहीं कर सकता और ऐसे अवसरों पर दोष चाहे किसी का भी हो, परंतु हर कोई प्रशासन को बेरुखी करार देता दिखाई देता है।

### सिख युवक से मारपीट के आरोपी पुलिस रिमांड पर

कैथल। अज्ञात युवकों द्वारा एक सिख व्यक्ति से मारपीट करते हुए धार्मिक भावना को आहत करने वाले शब्द बोलने के मामले में गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया। दोनों आरोपियों में से एक मुख्य आरोपी का दो दिन का रिमांड और दूसरे आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में शुक्रवार को ही जिला जींद के गांव सिंगवाल के ईशु व गांव शेरगढ के सुनील को गिरफ्तार किया था। आरोपियों से पूछताछ दौरान सामने आया था कि आरोपी ईशु कैथल में फाइनेंस का काम करता है व सुनील टैक्सी स्टैंड पर गाड़ी चलाने का काम करता है। 10 जून की शाम दोनों आरोपियों ने करनाल बाइपास पर शराब पी थी। दोनों अंबाला बाइपास के पास किसी दोस्त से मिलने के लिए जा रहे थे। रास्ते में फाटक के पास सुखविंद्र के साथ कहासुनी हो गई। थोड़ा आगे चलकर उनका झगड़ा हो गया व झगड़े में ईशु ने सुखविंद्र को ईंट मारी।

### पानी की निकासी ना होने से खफा लोगों का प्रदर्शन

राजौंद। खंड के गांव किच्छाना की मुख्य गली में पानी निकासी न होने से खफा लोगों ने रोष जताया। लोगों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से पानी की निकासी न होने व नाले न होने के कारण सारा गंदा पानी गली पर जमा रहता है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों के लिए मुसीबत बनी हुई है। पानी निकासी न होने के कारण गड्ढों में पानी भरने से हर दिन कोई न कोई वाहन चालक चोटिल हो जाता है। ग्रामीण हरिकेश, राजपाल, किताब सिंह, ईशम सिंह, रोहताश ने बताया कि वह इस समस्या को लेकर शासन व प्रशासन को बार बार अवगत करवा चुके हैं। लेकिन प्रशासन कोई इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। पानी गली में भरा रहने से कोई भी भयंकर बीमारी फैलने का अंदेशा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि यह गांव की मुख्य गली होने के बावजूद भी कई वर्षों से मांग करते आ रहे हैं लेकिन प्रशासन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा। इस गली से छोटे बच्चों को स्कूल में आने जाने के लिए गुजरने में भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।

### प्रतिदिन योग का अभ्यास करना चाहिए : सूर्यदेव आर्य

जींद। 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह को लेकर आयुष विभाग के तत्वावधान में सीआरएसयू में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन हुआ। योगाचार्य सहायक प्रोफेसर डा. वीरेंद्र कुमार द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। शिविर में योगासन से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। योगाभ्यास शिविर में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी सूर्य देव आर्य ने कहा कि हमे प्रतिदिन योग का अभ्यास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में सभी वर्गों की बढ़चढ़ भागीदारी हो। उन्होंने कहा कि योग हमे बीमारियों से बचाता है। इसलिए हमे हर रोज योगासन का अभ्यास करना चाहिए। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिला ने कहा योग हमारे शरीर के साथ साथ सूक्ष्म शरीर पर भी काम करता है। उन्होंने सभी विभागों से आए हुए अधिकारियोंए कर्मचारियों को 21 जून को आयोजित होने वाले 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने का आह्वान किया।

## स्कोर्पियो की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत, दो लोग घायल

- पुलिस ने फरार गाड़ी चालक के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गोहाना रोड पर नगर परिषद से निकल कर तेज रफ्तार स्कार्पियो गाड़ी की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। जबकि दो सवारी मामूली तौर पर चोटिल हो गई। शहर थाना पुलिस मे मृतक के रिश्तेदार की शिकायत पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छात्तर निवासी नरेश बीती रात ई-रिक्शा में सवारी लेकर बस अड्डा से रानी तालाब की तरफ जा रहा था। नगर परिषद से निकलते ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियों गाड़ी ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। जिसमें नरेश को गंभीर चोटें आई। जबकि उसमें सवार रामराय निवासी नरेश तथा सैनी मोहल्ला निवासी अश्वनी को मामूली चोटें आई। घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने नरेश को नागरिक अस्पातल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने नरेश को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। शहर थाना पुलिस ने मृतक के रिश्तेदार जोधाराम की शिकायत पर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हितेश ढांडा टीसीईपीएफ के सदस्य नियुक्त किए

जींद। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने हरियाणा टेक्निकल एसोसिएशन के अध्यक्षए हितेश ढांडा को दूरसंचार उपभोक्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (टीसीईपीएफ) समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति दूरसंचार क्षेत्र में उपभोक्ता शिक्षा और संरक्षण के लिए संसाधनों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने 15 जून 2007 को टीसीईपीएफ नियमों को अधिसूचित किया था। इस समिति का गठन जून 2007 में किया गया था और 17 सालों में पहली बार हरियाणा को इसमें प्रतिनिधित्व मिला है। ट्राई के नियमों के अनुसारए पूरे भारत से चार सदस्यों को नामांकित किया जाता है। उत्तरी क्षेत्र के अंतर्गत में हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, राजस्थान और गुजरात प्रदेश आते हैं। हितेश ढांडा ने बताया कि ट्राई का मिशन देश में दूरसंचार व प्रसारण के विकास के लिए अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण करना एवं इसे बेहतर बनाना है। ट्राई दूरसंचार व प्रसारण सेवाओं के लिये टैरिफ के निर्धारण, संशोधन सहित दूरसंचार सेवाओं को नियंत्रित करता है।

## आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 19.15 लाख हड़पे, पांच के खिलाफ केस

- दिया गया वीजा तथा एयर टिकट निकली फर्जी, रुपये वापस मांगे तो धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आट्रेलिया भेजने का झांसा देकर फर्जी वीजा तथा फर्जी हवाई टिकट देकर 19.15 लाख रुपये हडपने पर गढ़ी थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जीवाडे. का सहारा लेने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। धमतान साहिब निवासी जगबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अस्ट्रेलिया जाना चाहता था। जिसके चलते उसका संपर्क अस्ट्रेलिया के पीआर मनजीत ढुल से हुआ। जिसने बताया कि उसका भाई संजीव कुरूक्षेत्र में इमीग्रेशन का कार्यालय चलाता है। जिसके लिए 19 लाख 15 हजार रुपये तय हुए। 25 जुलाई 2022 को सभी दस्तावेज तथा खाली चैक संजीव को दे दिया। कुछ दिन के बाद संजीव ने कहा कि फरवरी 2023 में उसका काम हो जाएगा। जिसके बाद संजीव तथा उसके पार्टनर उसके घर आए और 12 लाख 65 लाख रुपये की राशि लेकर वीजा तथा एयर टिकट भेजने की बात कही। जिसके बाद उसे एक सितंबर 2023 को वीजा तथा एयर टिकट दी गई। जब वह 21 सितंबर को दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचा तो उसका वीजा तथा एयर टिकट फर्जी बताई गई। जब उसने आरोपितों से रुपये वापस मांगे तो आरोपितों ने राशि देने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। गढ़ी थाना के जांच अधिकारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति ने विदेश भेजने के नाम पर राशि हड़पने की शिकायत दी थी।

आस्था

### निर्जला एकादशी 17 को, श्रद्धालु व्रत रखेंगे 18 को

# तीन शुभ योग में मनाई जाएगी निर्जला एकादशीः नवीन शास्त्री

निर्जला एकादशी को पानी पिलाने से मिलता है पुण्य, भगवान विष्णु को समर्पित है एकादशी व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस बार निर्जला एकादशी 17 को है जबकि अगले दिन 18 जून को निर्जला एकादशी का व्रत रखा जाएगा। एकादशी के व्रत से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थ की प्राप्ति होती है। वहीं हिंदू पंचांग के अनुसार निर्जला एकादशी पर तीन शुभ योग बन रहे हैं। शिव योग दिनभर रह कर रात नौ बज कर 39 मिनट तक रहेगा। इसके बाद सिद्ध योग लग जाएगा। इसके साथ ही दोपहर में तीन बजकर 56 मिनट से अगले दिन सुबह पांच बजकर 24 मिनट तक त्रिपुष्कर योग रहेगा। निर्जला एकादशी पर दान का बहुत महत्व होता है। सनातन धर्म में एकादशी के दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विशेष पूजा की जाती है। इसके अलावा जीवन में सुख, शांति, समृद्धि की प्राप्ति के लिए श्रद्धालुओं द्वारा व्रत भी किया जाता है। 'येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली निर्जला एकादशी 18 जून मंगलवार को है। इस व्रत को देवव्रत भी कहा जाता है। क्योंकि सभी अपनी रक्षा और श्रीविष्णु की कृपा पाने के लिए एकादशी का व्रत करते हैं।

### ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी सर्वोत्तम



जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ माह की निर्जला एकादशी को पानी पिला कर सेवा करना पुण्य का भागीदार माना जाता है और इस से स्वर्ग की प्राप्ती होती है। यूं तो साल में कुल 24 एकादशी तिथियां आती हैं लेकिन ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली एकादशी को सर्वोत्तम माना गया है। इस एकादशी को निर्जला एकादशी के नाम से जानते है। श्रद्धालु इसी विश्वास को सार्थक करते हुए निर्जला एकादशी पर जगह-जगह मीठे पानी की छबीलें लगाते हैं। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा अराधना का भी विशेष महत्व है। साथ ही एकादशी के सूर्योदय से द्वादशी के सूर्योदय तक निर्जल (बिना पानी के) व्रत रखने का महत्व है। कहते हैं कि निर्जला एकादशी पर उपवा स रखकर आप पूरे वर्ष में आने वाली सभी 24 एकादशी का फल प्राप्त कर सकते हैं।

## डेढ लाख रुपये का गबन कर कर्मी फरार, केस दर्ज

- 14 लोगों की किश्तें लेकर कंपनी में जमा नहीं कराने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना सत्या माइक्रो फाइनेंस कंपनी का कर्मी लगभग डेढ़ लाख रुपये की राशि का गबन कर फरार हो गया।

शहर थाना नरवाना पुलिस ने कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर कर्मी के खिलाफ गबन, धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सत्या माइक्रो फाइनेंस कंपनी के रीजनल मैनेजर चेतराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी कंपनी रिर्जव बैंक से पंजीकृत है। देश में कंपनी माइक्रो फाइनेंस का कार्य करती है। जिसकी शाखा नरवाना में भी है। गांव हिजरावा फतेहबाद निवासी दलीप नरवाना शाखा में फरवरी 2023 से काम कर रहा था। जो 27 जनवरी को बिना बताए तथा बिना छुट्टी लिए कंपनी को छोड़ गया। जिसकी कपनी द्वारा जांच की गई तो सामने आया कि दलीप सिंह 14 लोगों की किश्त राशि 1,43,102 रुपये का जमा ही नही करवाया है। जब दलीप से संपर्क साधा गया तो उसने बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

## खबर संक्षेप

### अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ की बैठक 19 को

**जींद।** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ की बैठक 19 जून को जिला प्रधान सत्यपाल पातलान की अध्यक्षता में गुरू रविदास धर्मशाला में होगी। बैठक का संचालन राजेश राठी करेंगे। बैठक में गत वर्ष की जिला कार्यकारिणी से वित्तीय एवं अन्य रिकार्ड प्राप्त किए जाएंगे। संघ के सातवें रा'यस्तरीय अधिवेशन जो 29 को महेंद्रगढ़ में होने जा रहा है।

### पांचवां राम-श्याम संकीर्तन 21 को

**उचाना।** 21 जून को लाला प्रभुदयाल धर्मशाला उचाना मंडी में 5वें राम-श्याम मासिक संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। 'योति प्रचंड समाज सेवी विकास मखंड द्वारा की जाएगी। श्रीराम परिवार युवा सेवा समिति द्वारा इसका आयोजन करवाया जा रहा है। शिवम गोयल, संजय चक्रवती उकलाना, राहुल बंसल उंकलाना द्वारा भक्तिमय गीत प्रस्तुत किए जाएंगे।

### यौन शोषण करने का आरोप, शिकायत दर्ज

**जींद।** शहर थाना इलाके में विधवा महिला का चार साल तक यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने विरोध किया तो उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ यौन शोषण करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है।

### जींदः महिला तथा युवती संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से एक महिला तथा युवती के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 19 वषीय भांजी उसके पास आई हुई थी। जो गत दिवस संदिग्ध हालात में गायब हो गई।

### मीठे पानी की छबील सेवा महत्वपूर्ण कार्य : अशोक

**उचाना।** बढ़ रहे तापमान के चलते लितानी रोड, पुरानी मंडी स्थित महाराज अग्रसेन मंदिर के पास ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। वाहन चालकों, राहगीरों को युवाओं, बच्चों ने ठंडा पानी पिलाया। अशोक पुजारी ने कहा कि गर्मी के मौसम में ठंडे पानी की छबील लगाना एक महत्वपूर्ण सराहनीय कार्य है। ये हमारी संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है। बुजुर्ग कहते है कि पानी पिलाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं है।

### आप बनी कांग्रेस, भाजपा का विकल्पः राजरूप

**उचाना।** आम आदमी पार्टी हिसार लोकसभा के उपाध्यक्ष राजरूप छात्तर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस, भाजपा के बाद वोट लेने के मामले में आप तीसरे नंबर की पार्टी बनी है। गठबंधन में लड़े गए चुनाव में लोकसभा के कुरूक्षेत्र से आप उम्मीदवार को पांच लाख से अधिक मत मिले है। ये चुनाव भाजपा को हराने के लिए इंडिया गठबंधन में लड़ा गया था। प्रदेश की जनता आप की सरकार बनाने का मन बना चुकी है।

### एससी समाज एकता मंच 22 को मनाएगा कबीर जयंती

**जींद।** एससी समाज एकता मंच द्वारा 22 जून को सुबह नौ बजे संत शिरोमणि कबीरदास का 627वां जन्मदिवस रानी तालाब अंबेडकर चौंक पर धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में सोनीपत लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद सतपाल ब्रह्मचारी मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### दो स्कूलों के टूटे ताले हजारों का सामान चोरी

**जींद।** जिले में चोरों ने दो सरकारी स्कूलों के ताले तोड़ कर कीमती सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामपुरा सरकारी स्कूल के मुखिया प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने स्कूल का ताला तोड़ कर चार इन्वर्टर, चार बैटरी को चोरी कर लिया।

## स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ ने स्वास्थ्य निदेशक को सौंपा ज्ञापन

# स्वीकृत पदों में कटौती करने पर जताया विरोध

**पदों की वेतन विसंगति को दुरस्त करने सहित अन्य मांग उठाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ हरियाणा ने सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग में पहले से स्वीकृत पदों में कटौती करके उन पदों पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों को अन्य स्थानों पर तबदील करने के निर्णय को तुरंत निरस्त करने की मांग की है। इसे लेकर स्वास्थ्य निदेशक को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में जहां समाप्त पदों को बहाल रखने, राज्य में आबादी के अनुसार नए पद स्वीकृत करने, एसएमआई, एमपीएचएस महिला एव पुरूष के पदों पर पदोन्नति करने, एमपीएचडब्ल्यू कैडर के पदनाम बदलने, 1994 व 1995 मे भर्ती स्वास्थ्य कर्मचारियों के वेतन निर्धारण में त्रृटि को ठीक करवाने, नियत यात्रा भत्ता में बढोत्तरी करके छह हजार रपये प्रति माह देने, एमपीएचडब्लू के खाली पदों पर नियमित भर्ती करने, आरसीएच परियोजना के तहत कार्यरत महिला एमपीएचडब्लू को नियमित एमपीएचडब्लू की भांति 4200 ग्रेड पे के अनुसार वेतनमान देने, एमपीएचडब्लू के पदोन्नति पद स्वास्थ्य सुपरवाईजर, एसएमआई आदि पदों की वेतन विसंगति को दुरस्त करने सहित अन्य मांग की गई है। स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ के प्रदेशाध्यक्ष राममेहर वर्मा, महासचिव सतपाल खासा, वित्त सचिव रणधीर चहल ने बताया कि निदेशक ने सभी जायज मांगो को जहां पूरा करने का जहां ठोस आश्वासन दिया है वहीं पर कुछ मांगों के सरकार स्तर पर होने के कारण सिफारिश सहित सरकार को भेजने का भरोसा दिया है।


जींद। ज्ञापन सौंपते हुए राममेहर वर्मा। फोटो : हरिभूमि

कर्मचारी नेताओं ने बताया कि समाप्त किए जा रहे पदों को बहाल करने पर बार-बार ठोस आश्वासन देने के बावजूद सकारात्मक व तीव्रता से कार्रवाई न होने के मध्यनजर स्वास्थ्य सपरवाइजर संघ द्वारा गत वर्ष एक जनवरी 2023 से ग्राम पचायतों द्वारा पारित प्रस्ताव सरकार को प्रति दिन भेजने तथा गांव-गांव तथा वार्ड-वार्ड जा कर स्वास्थ्य कर्मचारियों के पद समाप्त होने के दुरगामी क्रुप्रभावों की जानकारी आम जनता को देने के जन अभियान को और तेज किया जाएगा। इसके अलावा आगामी एक को रा'य के सभी सिविल सर्जन के माध्यम से तथा 15 जुलाई 2024 को रा'य के सभी सांसद व विधायकों के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की योजना शाखा के तत्कालीन निदेशक द्वारा सरकार को गुमराह करके आबादी आधारित नोरम को दरकिनार करके रा'य की लाखों की आबादी वाले बडे.शहरों तथा एक लाख से कम की आबादी वाले जिला स्तरीय छोटे शहरों में एक समान छह एमपीएचडब्लू व एक स्वास्थ्य सुपरवाइजर के नोरम निर्धारित कर दिए गए हैं।

### पुरानी पेंशन, कर्मी विरोधी फरमानों के खिलाफ 26 जून को रोडवेज कर्मचारी करेंगे भूख हड़ताल

**जींद।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा उप केंद्र नरवाना के नेता रामनिवास खरकभूरा ने कहा कि मोर्चे की बैठक 14 जून को पेहवा में संपन्न हुई। जिसमें फैसला लिया गया कि 26 जून को सुबह दस से लेकर शाम चार बजे तक सभी डिपो में भूख हड़ताल कर महाप्रबंधकों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 23 जून 2023 को रोडवेज कर्मचारियों की कई मांगों पर सहमति जताई थीए जिनके परिपत्र जारी करने का आश्वासन दिया था। मानी गई मांगो को लागू नही किया जा रहा हैं। दूसरी ओर आए दिन कर्मचारी व विभाग विरोधी फरमान जारी किए जा रहे हैं। चालक परिचालक व लिपिक से अनेक तरह के कार्य लिए जा रहे हैं। परंतु कायारे् के अनुसार पे ग्रेड न देकर आर्थिक नुकसान किया जा रहा हैं।

# तीसरी बार बनेगी प्रदेश में भाजपा की सरकार : रजाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलते हुए जसमेर रजाना। फोटो : हरिभूमि

सोनीपत लोकसभा प्रवास कोर कमेटी सदस्य व सफीदों विधानसभा से वरिष्ठ भाजपा नेता जसमेर रजाना ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के प्रदेश के आमजन के लिए 14 जून से 22 जून तक सुबह नौ बजे से सायं पांच बजे तक परिवार पहचान पत्र केम्प प्रदेश के हर गांव व शहर के प्रतेक वार्ड मे लगाए जा रहे हैं। रजाना ने बताया की मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश के सभी जिला उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को निर्देश जारी किए हैं कि सभी जिला मुख्यालय पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जिले की आमजन की जो भी समस्या हैं, उन्हें दूर करने का काम करेंगे। इसी प्रकार अपने जींद जिले मे भी हमारे जिला उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक समय पर सभी जिला जींद के आमजन की समस्या को लगभग मौके पर पर ही दूर कर रहे हैं। चाहे वो समस्या किसी भी विभाग से संबंधित हों। ये मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बहुत अच्छी पहल की हैं जिससे आम जनमानस की शिकायतों का निवारण हो रहा हैं। रजाना ने बताया की पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए भी अधिकारीयों को निर्देश दिए हैं कि कार्यकर्ता किसी भी अधिकारी के पास कोई काम लेकर आता है तो उस काम को तुरंत प्रभाव से करने का काम करें। जिससे अधिकारी भी कार्यकर्ता के काम को तुरंत प्रभाव से करते हैं।


जींद। सीएम से मिलते हुए डा. पुष्पा तायल। फोटो : हरिभूमि

### डा. पुष्पा तायल ने चंडीगढ़ में की सीएम से मुलाकात

**जींद।** जुलाना हलके में विकास कायोंर् की रफ्तार में तेजी लाने के लिए भाजपा नेत्री डा. पुष्पा तायल ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री निवास पर नायब सैनी से मुलाकात की व उनसे जुलाना हल्के के अटके हुए कायोंर् को विधानसभा चुनाव से पहले करवाने की फरियाद की ताकि विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विजयी हो सके। तायल ने मुख्यमंत्री से नई अनाज मंडी के तृतीय भाग को संपूर्ण करवाने की अपील की जो कि पिछले लगभग दो वषोंर् से अधूरा पड़ा है व किसानों व आढ़तियों को गेहूं व जीरी के सीजन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। तायल ने मुख्यमंत्री के समक्ष कई संपर्क मागोंर् को पक्का करवाने की अपील की जिनमे प्रमुख रूप से लिजवाना से सिरसाखेड़ी का निर्माण व देवरड़ से मालवी वाया कमाचखेडा को 12 फुट से 18 फुट, शामलो खुर्द से रधाना को 12 से 18 फुट करवाने की मांग की। तायल ने मुख्यमंत्री के समक्ष जुलाना शहर में पीने के पानी की समस्या को दूर करने की फरियाद लगाई व कहा कि जुलाना शहर के लोगों कई वषोंर् से बदबूदार पानी पीने के लिए मजबूर है व लोगों में बीमारियां फैल रही है। तायल ने कहा कि हरियाणा के इतिहाश में ऐसा मुख्यमंत्री पहले नही हुआ जो कार्यकर्ताओं की समस्याओं को रात में भी सुनते है व इनके निवारण के लिए अधिकारियों को तुरंत आदेश देते हैं।


### शिविरों में परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को ठीक करवाएं : डीसी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अब जिला में शहरी क्षेत्र के हर एक वार्ड और प्रत्येक गांव में परिवार पहचान पत्र पत्रों की त्रुटियों को ठीक करने के लिए 14 जून से विशेष शिविरों का आयोजन शुरू किया गया है। ये शिविर 22 जून तक लगेंगे। नागरिक इन शिविरों में पहुंच कर अपने परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दुरुस्त करवाएं। उन्होंने कहा कि इन शिविरों को लेकर सभी संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश जारी कर दिए गए हैं। नागरिकों को किसी प्रकार की समस्याएं नहीं होने दी जाएगी।

# टिकट बंटवारे में बंदर बांट कीः सैलजा

- कार्यक्रम में कुमारी सैलजा नरवानावासियों का धन्यवाद करने पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



मंच पर उपस्थित कुमारी सैलजा व रणदीप सिंह सुरजेवाला। फोटो : हरिभूमि

शनिवार नरवाना के एसडी कन्या महाविद्यालय में कांग्रेस नेता बिरेन्द्र सिंह, विजेंद्र सिंह पूर्व सांसद, राज्य सभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व नवनिर्वाचित सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा धन्यवादी दौरे पर पहुंचे। विजेंद्र सिंह पूर्व सांसद ने अपने सम्बोधन में कहा कि अभी तो आपने पहली लड़ाई जीती है दूसरी लड़ाई अभी बाकी है जो दो तीन महीने बाद लड़नी है और जीत हासिल करनी है। रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भी विजेंद्र सिंह की बात आगे बढ़ाते कहा कि नरवाना वासियों का धन्यवाद किया और कहा कि आगे भी अपना जोश क़ायम रखते हुए दूसरी लड़ाई को जीतना है। 18 तारीख को उचाना में लड़ाई का बिगुल बजाना है। नवनिर्वाचित सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने अपने सम्बोधन में कहा कि भाई रणदीप सिंह सुरजेवाला ने गांव गांव, गली गली, घर घर जाकर वोट मांगे और नरवाना से जीत हासिल करने में अपना सहयोग दिया। वरिष्ठ नेताओं पर तंज कसा और कहा कि टिकट बंटवारे में बंदर बांट की। आप लोगों ने धरातल से शीर्ष पर पहुंचाने का कार्य किया। बिरेन्द्र सिंह डुमरखा ने अपने सम्बोधन में कहा कि गाड़ी लाईन पर चढ़ चुकी है।

### पेड़ लगाओ, गर्मी भगाओ : गुरमेल

**जींद।** नरवाना विधानसभा के गांव गढ़ी में शनिवार को भीषण गर्मी को देखते हुए वार्ड नंबर एक के जिला पार्षद गुरमेल ढाबी के नेतृत्व में पौधारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण को बचाने कि मुहीम का आगाज़ किया। इस मौके पर जिला पार्षद गुरमेल ढाबी ने कहा कि इस समय पूरा देश भीषण गर्मी के भयंकर दौर से गुजर रहा है। इस तपत से हमें कृत्रिम व्यवस्था जैसे कूलर, एयरकंडीशनर नहीं बल्कि पेड़ ही बचा सकते हैं। भविष्य में इस प्रकार की भीषण गर्मी से बचने के लिए 'यादा से 'यादा पेड़ लगाने होंगे। गर्मी से बचने के लिए ही नहीं पेड़ वातावरण को शुद्ध रखने के लिए भी लाभदायक हैं। इस मौके पर चरण सिंह, शरणजीत मौजूद थे।

# श्री चैतन्य स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। जानकारी देते हुए निदेशक सीमा। फोटो : हरिभूमि

श्री चैतन्य स्कूल के विद्यार्थियों ने अमेरिका में नासा के एनएसएस आईएसडीसी सम्मेलन 2024 में अपना परचम लहराया है। श्री चैतन्य स्कूल की अकादमिक निदेशक सीमा ने बताया कि अमेरिका में नासा के एनएसएस आईएसडीसी सम्मेलन में दुनिया के कोने-कोने से करीब 30 देशों से सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए। इनमें से 167 विद्यार्थी अकेले श्री चैतन्य स्कूल से हैं। दुनिया के किसी अन्य शैक्षणिक संस्थान से इस सम्मेलन के लिए इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का चयन नहीं हुआ है। हाल ही में नासा के एनएसएस स्पेस सेटलमेंट कॉन्टेस्ट 2024 में जबकि अकेले भारत से 28 हजार छात्रों ने भाग लियाए श्री चैतन्य स्कूल नंबर एक रहा और लगातार 11वीं बार विश्व चैंपियन बनाए जिसमें 62 विजेता प्रोजेक्ट शामिल थे जिसमें श्री चैतन्य स्कूल के 639 छात्रों ने भाग लिया। कहा किए इन 62 विजेता परियोजनाओं में सात परियोजनाओं ने विश्व प्रथम पुरस्कार जीता। 11 परियोजनाओं ने विश्व द्वितीय पुरस्कार जीता। 15 परियोजनाओं ने तीसरा पुरस्कार जीता और 29 परियोजनाओं ने सम्माननीय उल्लेख जीता। उन्होंने विजेता छात्रों की एक प्रेस मीट और सक्सेस मीट में बातें बताईं। त्तर भारत में श्री चैतन्य स्कूल से संबंधित 90 छात्रों ने इस दौरे में भाग लिया।


जींद। मीठे पानी की छबील पर पानी पिलाते संस्था सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### भाविप भूतेश्वर शाखा ने लगाई मीठे पानी की छबील

**जींद।** भारत विकास परिषद् भूतेश्वर शाखा द्वारा नए बस स्टैंड पर शनिवार को मीठे पानी की छबील लगाई गई। शाखा अध्यक्ष नारीश रोहिला एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर योगी परमवीर ने बताया कि आज की इस छबील में लगभग 4500 लोगों को मीठा पानी पिलाया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा रा'य परिवहन जींद के महाप्रबंधक राहुल जैन एवं उनके पूरे स्टाफ ने भी पूर्ण रूप से सहयोग दिया। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू हुआ और दोपहर दो बजे तक चला। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाखा सचिव मंधीर कौशिक, शाखा कोषाध्यक्ष संदीप बंसल, प्रोजेक्ट डायरेक्टर योगी परमवीर, एडवोकेट अतुल गर्ग, एडवोकेट अंकुर शर्मा, पंकज मित्तल, धर्मपाल माटा, शाखा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सेन, बालकिशन बंसल, सतीश गुप्ता, परमजीत सेठी, एडवोकेट सुरेश गोयल, नरेंद्र नैन, राजकुमार गुगलानी, सुरेश गोयल सदस्य उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

# समाजसेवा प्राथमिकता, बालिका शिक्षा तथा गोसेवा प्रमुख : लाठर

- भाजपा ने जुलाना से प्रत्याशी बनाया तो सीट भाजपा की झोली में : लाठर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



समाजसेवी डा. समुंद्र लाठर ने कहा कि वह भाजपा की ओर से जुलाना विधानसभा सीट के लिए अपनी दावेदारी पेश करने जा रहे हैं। वह ऐसे समय में अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। जिस समय लोकसभा चुनाव में जुलाना क्षेत्र से भाजपा को 24 हजार से अधिक वोट से पिछड़ना पड़ा। डा. समुद्र लाठर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में मुद्दे अलग थे और विस चुनाव में मुद्दे अलगे होंगे। कहा कि वह 1982 से भाजपा में हैं। अगर भाजपा उन्हें जुलाना से उम्मीदवार बनाया तो वह इस सीट को भाजपा की झोली में लाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। कहा कि पार्टी ने भाजपा की पृष्ठभूमि के उम्मीदवार को अब तक जुलाना विस क्षेत्र से उम्मीदवार नहीं बनाया है। अगर पार्टी उम्मीदवार बनाती है तो वह 25 हजार के अंतर से जीत हासिल कर भाजपा की ओर से इस सीट पर जीत हासिल करेंगे। कहा कि जिस दिन से उन्होंने अपना करियर शुरू किया है। उस दिन से ही वह समाजसेवी के तौर पर कार्यरत रहे हैं। जुलाना के अंदर जिस कॉलेज में चार से पांच हजार छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। उस कॉलेज का निर्माण उन्होंने करवाया है। गांव से 16 एकड़ जमीन दान में लेकर कॉलेज का निर्माण करवाया है। आज जहां कॉलेज है, उस जमीन की कीमत 80 करोड़ है। ऐसे में एक आदमी किसी गांव से 80 करोड़ की जमीन दान में लेकर दिखा दे, यह हर किसी के बस की बात नहीं है। ऐसे में अंदाजा लगा सकते हैं कि उनकी कितनी लोकप्रियता सामाजिक तौर पर इलाके मे होगी।


जींद। महिलाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाते स्वास्थ्य कर्मी।

### महिलाओं को दिलाई बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव जाजवान में स्वास्थ्य कर्मियों ने सभा का आयोजन किया। जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई। पीएनडीटी एक्ट, अनीमिया व सरकार द्वारा चलाई जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुशील शर्मा ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना बालिकाओं को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए बनाई गई योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करना, बालिकाओं को शोषण से बचाना व उन्हें सही, गलत के बारे में अवगत कराना, शिक्षा के माध्यम से लड़कियों को सामाजिक और वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाना है। महिलाओं के लिए कल्याणकारी सेवाएं वितरित करने में सुधार करना, लिंग अनुपात में सुधार करना, शिक्षा के साथ बेटियों को अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ाने एवं उनकी इसमें भागीदारी को सुनिश्चित करना है। इशवंती देवी ने कहा कि आज लड़कियां किसी भी फील्ड में पीछे नही है।

## बढ़ रहे तापमान से प्योद हो रही खराब, देरी से होगी धान की रोपाई

# धान की प्योद तैयार करने के लिए बहाना पड़ रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


उचाना। धान की रोपाई के लिए तैयार की जा रही प्योद जो खराब हो रही है।

निरंतर बढ़ रहे तापमान का असर आम जनजीवन पर पड़ने के साथ खेती पर भी पड़ रहा है धान की रोपाई से पहले धान की प्योद को खेतों में किसान तैयार करते है। इस बार धान की प्योद (पनीरी) पर बढ़ रहे तापमान का असर हो रहा है। किसानों को प्योद तैयार करने के लिए पसीना बहाना पड़ रहा है। प्योद के खराब होने से किसानों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। प्रति एकड़ किसान को 1 हजार से लेकर 2 हजार तक प्योद खराब होने से नुकसान हो रहा है। उचाना क्षेत्र में धान की रोपाई भी किसान प्रमुख रूप से करते है। ऐसे में रोपाई से पहले प्योद को तैयार करने में किसान लगे हुए है। प्योद बढ़ रहे तापमान से खराब होने के चलते इस बार धान की रोपाई 15 दिन देरी से होने का अनुमान है। प्योद तापमान बढ़ने से खराब होने पर किसानों को दोबारा से तैयार करनी पड़ रही है। किसानों ने बताया कि करीब 35 से 45 प्रतिशत से अधिक प्योद बढ़ रहे तापमान के चलते खराब हो चुकी है। ऐसे में दोबारा से प्योद तैयार की जा रही है। प्योद खराब होने से अब धान की रोपाई में भी देरी होगी क्योंकि कम से कम 25 से 30 दिनों तक में जाकर प्योद तैयार होती है। किसान राजबीर, सुलतान, बलवान ने कहा कि जिस प्योद को लगाए 20 दिन हो चुके है लेकिन अभी तक उसके फुटाव नहीं होने से वो तैयार नहीं हो रही है। निरंतर तापमान में बढ़ोतरी से प्योद खराब हो रही है। बढ़ रहे तापमान के चलते जो प्योद खेत में लगाई थी वो खराब हो रही है। ऐसे में दोबारा फिर से प्योद लगानी पड़ेगी। धान की रोपाई से पहले प्योदा तैयार खेत में किसान करते है। किसानों के लिए इस बार प्योद तैयार करना आर्थिक रूप से नुकसान वाला भी बन रहा है। प्रति एकड़ किसान को 1 हजार से 2 हजार का नुकसान हो रहा है। खेती निरंतर किसानों के लिए घाटे का सौदा बनती जा रही है। इस बार निरंतर तापमान बढ़ रहा है।



जींद। स्वच्छता अभियान चलाए हुए संस्था सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### अपनी दुकान के आगे डस्टबीन जरूर रखे : नाडा

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसायटी फॉर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने शनिवार सुबह शिव चौक, भारत सिनेमा, पुराना बस स्टैंड और रुपया चौक एरिया में सफाई अभियान चलाया। सेव संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 383वां अभियान था। अभियान में दो कॉलेज विद्यार्थी प्रशिक्षण के तौर पर शामिल हुए। संस्था सदस्यों ने दुकानों के बाहर पड़े पॉलिथीन को उठाते हुए लोगों को स्वच्छता का संदेश देने का प्रयास किया। लोगों को समझाते हुए कहा कि हर दुकानदार ने अपनी दुकान के आगे डस्टबीन रखना चाहिए ताकि कूड़ा नीचे फैंकते वक्त उसे डस्टबीन दिखाई दे। हम लोग डस्टबीन को छुपा कर रखते हैं, इसीलिए हमारा सारा कूड़ा डस्टबीन में नही जाता। यदि हर आदमी कूड़ा डस्टबीन में डालने लगें तो स्वच्छता सुनिश्चित है। डस्टबीन का प्रयोग किए बिना स्वच्छता नही रह सकती है। इसलिए हर आदमी को डस्टबीन का प्रयोग करने की आदत अपनानी चाहिए। डस्टबीन नगर परिषद की गाड़ी को देना चाहिए। सभी लोग डस्टबीन का प्रयोग करेंगे, उसी से हमारा शहर, गांव और देश सुंदर होगा।

## खबर संक्षेप

### गरीब के शव का समाजसेवी लोगों ने किया संस्कार

**गुहला-चीका।** गांव खुशहाल माजरा के रहने वाले एक गरीब व्यक्ति का यहां की कुछ समाजसेवी संस्थाओं ने संस्कार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज यहां एक गरीब व्यक्ति की मौत हो गई परंतु उसके परिवार के पास उसके संस्कार करने के लिए भी पैसे नहीं थे जिसके चलते यहां की विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं व अन्य लोगों ने मिलकर उसका संस्कार किया। यहां उल्लेखनीय है कि मृतक निहायत ही गरीब था, जिसके परिवार में पांच लड़कियां व एक छोटा लडका है। मृतक की लड़कियों ने बताया कि उसका बाप दस साल से उपाहिज था।

### पैसों को लेकर मारपीट में तीन घायल, केस

**कैथल।** कैथल के माता गेट पर पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में तीन व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। चंदाना गेट कैथल के विकास सैनी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसने गौरव जिसकी क्वालिटी मोबाइल के नाम से अंबाला रोड पर दुकान है जान पहचान है। 13 जून को उसके पास गौरव का फोन आया और कहने लगा कि अपने उधार लिए हुए 99000 माता गेट कर आकर ले जाओ। इस पर वह बलदेव तथा रामपाल के साथ गाड़ी में सवार होकर माता गेट पर गौरव के पास दिए गए पत्ते पर पहुंच गए।

## भारत विकास परिषद चीका का दो दिवसीय योग शिविर प्रारंभ

# स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग सबसे उपयुक्त : सत प्रकाश गर्ग

योग शिविर के संयोजक अमित महाजन ने बाल हंसी से सभी साधकों को खूब हंसाया।



**गुहला चीका।** भाविप शाखा चीका द्वारा लगाए गए योग शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते हुए सत प्रकाश गर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

शनिवार को भारत विकास परिषद शाखा चीका की ओर से दो दिवसीय योग शिविर शुरू किया गया। खाटु श्याम पार्क में लगाए गए इस शिविर के पहले दिन का शुभारंभ महावीर दल के प्रधान सत प्रकाश गर्ग ने बतौर बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर सत प्रकाश गर्ग ने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग सबसे उपयुक्त माध्यम है इसलिए हर एक नर नारी को योग से अवश्य जुड़ना चाहिए। भाविप के अध्यक्ष डॉ. विनोद गुप्ता ने बताया कि योग मनुष्य को न केवल शारीरिक तौर पर स्वस्थ बनता है बल्कि मानसिक व आध्यात्मिक तौर पर मजबूती प्रदान करता है। शिविर में भारत विकास परिषद व भारतीय योग संस्थान के योग शिक्षक अमित महाजन, रविंद्र बॉबी, राकेश कुमार, नानक शर्मा, दीपक सिंगला ने साधकों को मरकट आसान, हस्तपाद उतान आसन, मंडूक आसन, उष्टआसान, ताड़ासन के साथ साथ प्राणायाम का अभ्यास करवाया। योग शिविर के संयोजक अमित महाजन ने बाल हंसी से सभी साधकों को खूब हंसाया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि सतप्रकाश गर्ग, महावीर दल के पूर्व प्रधान रमेश जिंदल व संस्थान के सदस्यों ने पार्क में पौधा रोपण किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। शिविर के अंत में शुगर जांच कैंप भी लगाया गया जिसमें साठ से अधिक साधकों का शुगर लेबल जांचा गया।



**गुहला चीका।** योग जागरूकता रैली निकालते साधक । *फोटो : हरिभूमि*

### ब्लॉक एवं खंड स्तर पर योग जागरण रैली का आयोजन

**कैथल।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी प्रतिभा भाटिया ने कहा कि आयुष विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में जिला कैथल में जिला प्रशासन एवं विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां का सिलसिला खंड एवं जिला स्तर पर जारी है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त सी जया श्रद्धा द्वारा बैठक में योग जिला स्तर पर एसडीएम ब्रह्म प्रकाश को नोडल अधिकारी नियुक्त करके हुए सभी विभागो के अधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 में शामिल होने एवं पूर्ण रूप से सहयोग हेतु निर्देशित किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम अतिरिक्त अनाज मंडी, जींद रोड़ कैथल में निर्धारित किया गया है। कलायत, राजौंद, पुंडरी, ढांड, सीवन, गुहला 06 खंड स्तर पर योग दिवस कार्यक्रम उपमंडल अधिकारी नागरिक की देख रेख में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी व आयुष विभाग के नोडल अधिकारी एवं योग संस्थाएं पतंजलि योग समिति,महिला पतंजलि योग समिति,भारतीय योग संस्थान,आर्ट ऑफ लिविंग संस्थाए मिलकर कार्यक्रम संपन्न करवायेगें। डॉ. प्रतिभा भाटिया ने बताया की इस बार योग दिवस की थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग रखी गई है। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर जिला नोडल अधिकारी एसडीएम ब्रहम प्रकाश ने ब्लॉक नोडल अधिकारी, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों व आयुष नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में तैयारियो को लेकर चर्चा की गई।

## आरकेएसडी कालेज गवर्निंग बॉडी के प्रधान बने अश्वनी



**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज की नवचयनित गवर्निंग बॉडी ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के गवर्निंग बॉडी के पदाधिकारियों के लिए आज 15 जून 2024 को चुनाव हुए। रिटर्निंग अधिकारी एवं प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने बताया कि सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए अश्वनी शोरेवाले को अध्यक्ष, महेश मंगल को उपाध्यक्ष, पंकज बंसल को सचिव तथा श्री सुनील चौधरी को कोषाध्यक्ष चुना गया। राष्ट्रीय विद्या समिति के पदाधिकारियों का चुनाव 2 मार्च 2024 को ही सर्वसम्मति से हुआ था और राष्ट्रीय विद्या समिति के पदाधिकारियों के चुनाव के बाद गवर्निंग बॉडी के लिए नामांकन एवं चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई थी। लेकिन लोकसभा चुनावों के कारण प्रदेश में आचार संहिता लागू हो गई और गवर्निंग बॉडी की चुनाव प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी। अब उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की मंजूरी के बाद गवर्निंग बॉडी की चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई और आज सर्वसम्मति से चुनाव हुए। रिटर्निंग अधिकारी एवं प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, उच्च शिक्षा विभाग के उम्मीदवार डॉ. मनोज बांबू और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र से कुलपति नामित डॉ. अरविंद मलिक ने चारों निर्विरोध निर्वाचित उम्मीदवारों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किए। जैसा कि आप पहले से ही जानते हैं कि राष्ट्रीय विद्या समिति के कॉलेजियम सदस्यों का चुनाव इस वर्ष के शुरू में 7 जनवरी को हुआ था जिसमें 21 कॉलेजियम सदस्यों का चयन किया गया था। अब प्रक्रिया कॉलेज के प्रबंधक समिति के पदाधिकारियों के चयन के लिए थी।

### ये रहे मौजूद

पूर्व अध्यक्ष सतीश बंसल, साकेत मंगल,अनिल शोरेवाला, उपाध्यक्ष नरेश शोरेवाला, डॉ. हरिंदर गुप्ता, डॉ. सुशील गुप्ता, डॉ. एसपी वर्मा, डॉ. मनोज बंसल और समिति के अन्य सभी कॉलेजियम सदस्य इस अवसर पर उपस्थित थे और उन्होंने आज निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

## सरकार का एससी-बीसी विरोधी चेहरा बेनकाब

- एससी-बीसी युवाओं को एचसीएस भर्ती से जानबूझकर वंचित कर रही भाजपा
- बोले : गरीब के बच्चों के अफसर बनने पर बीजेपी ने लगाया स्पीड ब्रेकर



रणदीप सिंह सुरजेवाला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने किसान भवन पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। एचसीएस अफसरों की जारी की गई सूची को लेकर रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा सरकार पर एससी बीसी विरोधी होने का आरोप लगाया। सुरजेवाला ने कहा कि कल जारी ल्उर अफसरों की लिस्ट ने भाजपा सरकार का एससी-बीसी विरोधी चेहरा जहाँ बेनकाब कर दिया, वहीं यह भी साबित हो गया कि गरीब के बेटा-बेटी के लिए भाजपा के रहते एचसीएस जैसे पदों पर नियुक्ति का कोई रास्ता नहीं बचा है। सुरजेवाला ने कहा कि साल 2019 से साल 2024 तक यानि पिछले छह साल से एचसीएस भर्ती में एससी-बीसी के बच्चों की भर्ती को भाजपा सरकार द्वारा लगातार दुश्मन की नजर से देखा जा रहा है। एक तरफ तो रविदासिया व वाल्मीकी समाज के नौजवानों को एचसीएस अफसर बनने से रोकने का खुला खेल किया गया, तो दूसरी ओर बीसीए और बीसीबी यानी कश्यप समाज - प्रजापति समाज झ जांगड़ा समाज - पांचाल समाज - कंबोज समाज - गुर्जर समाज - सैनी समाज - यादव समाज के युवकों को एचसीएस भर्ती के इंटरव्यू तक पहुँचने से भी रोका जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ज्यादती-अन्याय व भेदभाव का भाजपाई तरीका देखिए। एक तरफ तो एससी समाज के एचसीएस अफसर के आरक्षित पद ही साल 2019 के बाद भरे ही नहीं जा रहे। न तो एससी आरक्षित पद 2022 एचसीएस भर्ती में भरे गए, और न ही एससी आरक्षित पद साल 2023 एचसीएस भर्ती (जिसका परिणाम कल 14 जून, 2024 को निकला है) में भरे जा रहे। क्या भाजपा सरकार के मुताबिक इसका मतलब यह है कि हरियाणा में रविदासिया समाज, वाल्मीकी समाज, संहसी समाज, धाणक समाज, ओड समाज व अन्य एससी बिरादरी के बच्चे अब एचसीएस अफसर बनने के लायक नहीं रहे?।

### भारत विकास परिषद 27 को लगाएगी रक्तदान शिविर

**गुहला-चीका।** भारत विकास परिषद शाखा चीका द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में एक बैठक आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. विनोद गुप्ता ने की। बैठक में सबसे पहले नए सदस्यों सूरजभान सिंगला, जोहरीमल सिंगला, अशोक बंसल, अनुज गर्ग व जितेन्द्र गोयल को बैज लगाकर शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत शाखा द्वारा आगामी तिमाही में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर विचार विमर्श कर उनकी रूपरेखा बनाई गई। डॉ. विनोद गुप्ता ने बताया कि 27 जून को भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती पर एक रक्तदान शिविर अग्रवाल धर्मशाला चीका में लगाया जाएगा। शाखा के सचिव गौरव गोयल ने बताया कि दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में 15 व 16 जून को खाटू श्याम पार्क चीका में दो दिवसीय योग शिविर लगाया जाएगा।

## नशे के आदी लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना लक्ष्य




**कैथल।** ग्रामीणों को जागरूक करते पुलिस। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अभियान में पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों से जोड़ने के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत कराना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ना है। डीएसपी गुहला कुलदीप बेनीवाल ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा, जो देश के भविष्य है। नशा परिवार, समाज सहित देश के भविष्य को खतरे में डालता है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे है तथा जिले के अनेक युवा खेलों की ओर आकर्षित हो रहे है। टीम में शामिल एसआई कर्मबीर सिंह, एएसआई ओमप्रकाश मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### कैथल असंध मार्ग की हालत जर्जर : अनीता ढुल



**राजौंद।** गांव देबन में जनसभा को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव अनीता ढुल बड़ सीकरी ने कहा कि पिछले एक दशक से कैथल असन्ध मार्ग की सुध लेने में प्रदेश सरकार व हल्के की विधायक गैर-जिम्मेदार रही है। जिसके कारण इस सड़क से गुजरने वाले हर चारपहिया व दुपहिया वाहनों को रेंग-रेंग चलना पड़ता है। जिससे हर मुसाफिर को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है तथा मिंटो का सफर घंटो में तय करना पड़ रहा है। बीजेपी सरकार में विकास कही धरातल पर नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में मजदूर, किसान, महिलायें व युवाओं समेत हर वर्ग ठगा महसूस कर रहा है।अब प्रदेश के हर वर्ग के लोगों ने होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करने का मन बना लिया है।इस मौके पर उनके साथ राजेश अम्बरसर, सरपंच गजेसिंह फौजी, प्रदीप खरटा, बबूभान शर्मा, नैसी नंबरदार, अमरनाथ कैरो, जसमेर, धोला, डा.जस्सा, सुरेंद्र बालमिकी, इंद्र प्रजापत, होशियार सिंह, वृषभान, राजेश जगलान सहित सैंकड़ो साथी मौजूद रहे

### गंगा अवतरण के उपलक्ष्य में मनाया जाता है गंगा दशहरा : शास्त्री



**पूंडरी।** शहर के प्रसिद्ध पंडित रवि दत्त शास्त्री ने विशेष बातचीत में बताया कि गंगा दशहरा ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। दान-पुण्य की दृष्टि से इसका विशेष महत्व होता है। निर्जला एकादशी से एक दिन पहले यानी कि 16 जून को गंगा दशहरा है। इस दिन पवित्र गंगा नदी में स्नान करने और जरूरतमंद लोगों को दान करने का विशेष धार्मिक महत्व होता है। मान्यता के अनुसार इस दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था। इस दिन गंगा नदी में स्नान करने से आपके सारे पापों का अंत होता है। इस साल गंगा दशहरा 2024 में 16 जून दिन रविवार को है। इस दिन दशमी तिथि प्रातः 2.32 से शुरू होकर 17 जून को सुबह 4.45 तक रहेगी। इस दिन गंगा स्नान के लिए सुबह 7.08 से लेकर सुबह 10.37 तक शुभ मुहूर्त है।



**कैथल।** मुख्य न्यायाधीश तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वृद्ध आश्रम में वृद्धों से की चाय पे चर्चा करते हुए।

### सत्र न्यायाधीश ने आश्रम में वृद्धों से की चाय पे चर्चा

**कैथल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋतू वाई के बहल तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा कोठी गेट कैथल के वृद्ध आश्रम में चाय पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने वृद्धों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी तथा राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण की योजनाओं के बारे में बताया। इसके उपरांत उन्होंने बुजुर्गों से बातचीत की तथा उनका कुशल क्षेम जाना। आश्रम के बुजुर्गों तथा महिलाओं ने खुलकर न्यायाधीश से बातचीत की। न्यायाधीश ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा व उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए प्राधिकरण हर समय तत्पर है। कार्यक्रम में सभा के प्रधान रविभूषण गर्ग भी उपस्थित रहे। आश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्गोंर् ने उन्हें दी जाने वाली सभी प्रकार की सुविधाओं पर संतोष जताया तथा सभा का आभार जताया। इससे पूर्व रविभूषण गर्ग द्वारा न्यायाधीश महोदया को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित भी किया गया। रविभूषण ने बताया कि बुजुर्ग उनके लिए माता-पिता से भी बढ़कर हैं। वे सभा के सदस्यों के सहयोग से वृद्धों की तहेदिल से सेवा करते हैं। अवसर पर आशु गर्ग, नरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### असहाय लोगों के लिए जन आरोग्य योजना वरदान : प्रशांत पंवार

**कैथल।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत असहाय परिवारों की बीमारियों का मुफ्त इलाज करवाया जाता है। इस योजना के तहत प्रति परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। असहाय लोगों के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना वरदान सिद्ध हो रही है। डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना का विस्तार करते हुए चिरायु योजना हरियाणा के नाम से राज्य के नागरिकों के स्वास्थ्य कल्याण हेतु शुरू किया है। चिरायु योजना आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ही आती है।

## मिट्टी के कसोरों का नि:शुल्क वितरण





- पंछी जिंदा रहेगे तो इन्सान जिन्दा रहेगे : यश धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उड़ान हौसलों की फाउंडेशन ने पक्षियों को दाना पानी के लिए उड़ान हौसलों के फाउंडेशन ने मिट्टी के बर्तन फ्री वितरण किए गए इसमें बच्चों ने अपील की कि सभी पक्षियों के लिए दाना - पानी जरूर रखे, पक्षियों की जान बचाएं और हमारी मुहिम में शामिल हो इसमें नन्हे बच्चे यश धीमान ने कहा कि हमें इंसानों के जिंदा रहने के लिए पक्षियों का जिंदा रहना बहुत जरूरी है हमें पक्षियों का भी इंसानों की तरह ख्याल रखना चाहिए । इस बीच रेखा धीमान संस्था प्रदान और संपूर्ण उड़ान बच्चा पार्टी ने सभी से अपील की कि पक्षियों के लिए दाना-पानी जरूर रखें और पेड़ पौधे लगाए, गांव पीपल था में स्थित मंदिर-मस्जिद, शशन शाह बाबा पीर की दरगाह, शिव मंदिर, गुरूद्वारा साहिब, और श्मशान घाट आदि जगह और पेड़ों पर मिटटी के बर्तन लगाए गए।

### ये रहे मौजूद

जसवीर कौर सर्वजीत कौर बाला देवी, वीरमति देवी, सीमा देवी, रामकली देवी और बच्चा पार्टी मे रजत धीमन, यश, नानू, निधी, दीपा , खुशी आदि मौजूद रहे। और समाजिक संस्था उड़ान हौसलो की फाउंडेशन की तरफ से निशुल्क मिट्टी के बर्तनों का वितरण किया गया।

### प्रदेश में बनेगी कांग्रेस की सरकार: करोड़ा

**पूंडरी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंडित कंवरपाल करोड़ा लगातार अपने जनसंपर्क अभियान में पूंडरी हलके के ग्रामीणों से मिल रहे हैं। इस अवसर पर कंवरपाल करोड़ा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनना तय हैं। पिछले 10 वर्षोंर् में जितना विकास में हरियाणा पिछड़ा, कानून नाम की चीज कही देखने को नही मिली। प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े, युवाओं को नौकरी नहीं मिलने पर युवा नशे की चपेट में आया, चोरी-लूटपाट की घटनाएं बढ़ीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आने वाले कुछ महीनों में विधान सभा चुनाव होने वाले हैं जिनमें कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने जा रही है। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को नकार चुकी है।

### गर्मी व लू से बचाव के लिए एहतियात बरतें

**कैथल।** जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है।

**सूचना**

मैं, सोनू पुत्र श्री उमेद सिंह निवासी गांव जुलानी, तहसील व जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरी पत्नी सोनिया पुत्री श्री जसमेर के साथ दिनांक 20.03.2024 को तलाक हो चुका है। मैंने सोनिया के साथ अपने सभी प्रकार के रिश्ते समाप्त कर लिए हैं और अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए किसी प्रकार के कार्य की मेरी कोई जिम्मेवारी नही होगी। 20.03.2024 के बाद अगर सोनिया मेरे नाम का किसी भी कार्य के लिए प्रयोग करती है तो मैं उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करूंगा।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार जींद।**

**रेखा देवी पत्नी स्व. कर्मबीर पुत्र कृष्णलाल निवासी 345/5, हकीकत नगर पटियाला चौंक जींद।**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यमस से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पति कर्मबीर पुत्र कृष्णलाल निवासी 345/5, हकीकत नगर पटियाला चौंक जींद का देहान्त 09.02.2024 को हो चुका है। इनकी मृत्यु के पश्चात निम्नलिखित वारसान है।

1. प्रेमो देवी माता, 2. रेखा देवी पत्नी, 3. यश सहारन पुत्र (नाबालिग) 4. आरव सहारन पुत्र (नाबालिग)

इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 15.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- हलका पटवारी, जींद।

## शिक्षा विभाग के पोर्टल पर करवाना होगा पंजीकरण

# मेधावी छात्रों को कराया जाएगा मनाली का भ्रमण: सरोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



सरोज कुमारी।

हरियाणा स्कूल शिक्षा परिषद पंचकुला के घटक यूथ एंड इक्को क्लब के तहत जिला कैथल के 100 मेधावी लडके व 100 मेधावी लड़कियां शैक्षणिक भ्रमण के लिए 4 अध्यापक व 4 अध्यापिकाओं के साथ मनाली जाएंगे।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इन मेधावी विद्यार्थियों व अध्यापकों का चयन शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए विशेष पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर अप्लाई करने के लिए विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक के डीएमसी, किसी भी क्षेत्र में प्राप्त किए गए प्रतिभा के प्रमाण पत्र तथा फोटो को पोर्टल पर अपलोड करना होगा। इसी प्रकार अध्यापकों को अपने पिछले पांच वर्षों के अपने विषय के परीक्षा परिणाम तथा अलग अलग सहपाठ्यगामी गतिविधियों की भागीदारी के प्रमाण पत्रों को पोर्टल पर अपलोड करना होगा। पोर्टल पर मेरिट के आधार पर सभी का चयन शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस भ्रमण पर जिला कैथल के 100 लडके तथा 100 लड़कियां, चार अध्यापक व चार अध्यापिकाओं के साथ समर एडवेंचर कैंप को भ्रमण कराया जाएगा। इस कैंप के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधयां, ट्रेकिंग, जीप लाइन, रॉक कलबिंग, वैली क्रॉसिंग, रीवर क्रॉसिंग, रैपलिंग, राइफल शूटिंग, पिस्टल शूटिंग, ऑर्चरी और वहां की प्रकृति व वातावरण का अध्ययन भी करेंगे। उन्होंने बताया कि अब तक मिली जानकारी के अनुसार 15 जून तक 85 विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण करवा लिया है। यह पंजीकरण प्रक्रिया जून रात्रि 12 बजे तक चलेगी। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि अपने अपने खंड में अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीकरण करवाएं।

### जल्द करवाया जाएगा भ्रमण

जिला सहायक परियोजना संयोजक कुशल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएम श्री विद्यालयों तथा कस्तुरबा गांधी विद्यालयों को छोडकर बाकी सभी विद्यालयों के विद्यार्थी तथा अध्यापक मनाली भ्रमण के लिए पोर्टल पर पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थियों को भ्रमण का कार्यक्रम हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से अलग से आता है। जिसके तहत जल्द ही पीएम श्री विद्यालय के विद्यार्थियों को भ्रमण कराया जाता है। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर दस्तावेज अपलोड में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कार्यक्रम के नोडल पीजीटी अरुण शर्मा शेरगढ़ से संपर्क करे यह यूथ एवं इको क्लब के जिला कोऑर्डिनेटर भी है।



**कलायत।** मंजीत बूरा को सम्मानित करते राज्यपाल भंडारू। *फोटो :हरिभूमि*

### मंजीत बूरा को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**कलायत।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर 58 बार रक्तदान कर चुके गांव कुराड के मंजीत बूरा को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा सम्मानित किया गया। मंजीत बूरा ने बताया की कार्यक्रम का आयोजन अंबाला कैंट के एसडी कालेज में किया गया। जिसमें पुरुषों के अलावा 10 बार से अधिक बार रक्तदान कर चुकी महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल के अलावा प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री अनिल विज भी मौजूद रहे। अब तक 58 बार रक्तदान करके मंजीत बूरा रक्तदाताओं के लिए जिला भर में रोल माडल बने हैं। कलायत में स्पेयर पार्टस की दुकान चला रहे मंजीत बूरा की संस्था जन नायक सेवा दल अब तक 21 बार रक्तदान शिविर का आयोजन भी कर चुकी है। उनकी टीम में शामिल सभी सदस्य 10 से 55 बार तक रक्तदान कर चुके हैं। मंजीत बूरा ने कहा कि जब वह आर्य स्कूल नरवाना में पढ़ते थे उस समय डबवाली में एक शादी हाल में जल कर अनेक लोग मारे गए थे।

## खबर संक्षेप

### सुभाष को राज्यपाल ने किया पुरस्कृत

**जींद।** भारतीय रेडक्रॉस समिति हरियाणा द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस पर अंबाला कैंट के एसडी कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सम्मानित किया। इस अवसर जींद से सर्व कल्याण मंच को पिछले पांच वर्षो् के दौरान 134 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाने पर पुरस्कृत किया।

### सैलजा के कार्यक्रम में व्यक्ति ने जेब काटी

**जींद।** नरवाना एसडी महिला महाविद्यालय में शनिवार को आयोजित सिरसा की कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा के कार्यक्रम में भीड़ का फायदा उठा एक व्यक्ति की जेब से 15 हजार रुपये नगदी तथा दस्तावेजों को निकाल लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रेलवे प्लेटफार्म पर स्ट्रीट लाइटें खराब

**उचाना।** रेलवे स्टेशन पर काफी लंबे समय से प्लेटफार्म नंबर एक, दो पर लगी स्ट्रीट लाइटें खराब होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अल सुबह एवं रात को यात्री ट्रेनों से आने-जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार यात्री इसको लेकर मांग भी कर चुके है लेकिन आज भी ये समस्या जस की तस है। यात्रियों को अंधेरा होने से घटना होने का डर बना रहता है।

### हत्या मामले में महिला आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** बलबेहड़ा में व्यक्ति की हत्या मामले की जाँच थाना चीका एसएचओ इंस्पेक्टर बलबीर सिंह की अगुवाई में एएसआई संदीप की टीम द्वारा करते हुए आरोपी बलबेड़ा निवासी कविता को चीका से गिरफ्तार कर लिया गया। बलबेड़ा निवासी गुलाबा की शिकायत अनुसार उसने 12 जून को सुबह 4 बजे उठ कर देखा को उसका भाई जगरूप बेड पर नहीं था। वह घर से बाहर निकला तो घर से 10-12 फुट आगे गली में उसको भाई जगरूप को पड़ा देखा।

### बाइक चोर गिरोह सक्रिय होने से लोग परेशान

**गुहला-चीका।** चीका शहर में करीब एक महीने से भी अधिक समय से चीका शहर में मोटरसाइकिल चोर गिरोह सक्रिय है, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि इससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर की विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं व आम लोगों ने गुहार लगाई जा चुकी है।

### दो दिवसीय योग शिविर लगाया

**कैथल।** एनआईआइएलएम विश्वविद्यालय कैथल के स्कूल आफ योगा विभाग द्वारा योग प्रोटोकॉल ट्रेनिंग प्रोग्राम और सेमिनार कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभागाध्यक्ष डॉ. पवित्रा द्वारा योग की महता बताई गई और इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देता है एवम योग व्यक्ति को स्वस्थ एवं प्रसन्न रखता है।

## पात्र वंचित रहा तो स्कूल मुखिया व कक्षा इंचार्ज होंगे जिम्मेदार

# डाटा वन स्कूल एप पोर्टल पर 5 जुलाई तक अपडेट के निर्देश

**स्कूल का मुखिया अपनी यूजर आईडी से विद्यार्थियों की सूची डाउनलोड कर लंबित विद्यार्थियों की प्रोफाइल पूरी करें।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

छात्रवृति प्रोत्साहन स्कीमों के तहत वर्ष 2023-24 के लंबित विद्यार्थियों का डाटा वन स्कूल एप पोर्टल पर अपडेट करने के लिए मौलिक शिक्षा हरियाणा के महानिदेशक ने डीईईओ को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। महानिदेशक ने डीईईओ को निर्देश देते हुए कहा कि पांच जुलाई तक पोर्टल पर डाटा अपडेट करें। अगर कोई भी पात्र विद्यार्थी प्रोफाइल अधूरी रह जाने पर छात्रवृति, प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने में वंचित रह जाता है तो इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी, विद्यालय का मुखिया एवं कक्षा इंचार्ज पूर्ण रूप में जिम्मेदार होंगे। महानिदेशक ने पत्र में कहा कि वर्ष 2023-24 में जिन विद्यार्थियों को छात्रवृति, प्रोत्साहन राशि का लाभ दिया जा चुका है तथा जिन विद्यार्थियों के बैंक अकाउंट बैंक, बैंक का नाम, आईएफएससी कोड, परिवार पहचान पत्र आईडी विद्यार्थी के प्रोफाइल पूर्ण नहीं है, उन सब विद्यार्थियों की सूची वन स्कूल पोर्टल एप में दिए गए स्टेटस ऑफ स्कोलरशिप में दिए गए ऑप्शन में उपलब्ध है। इस अनुसार स्कूल का मुखिया अपनी यूजर आईडी से विद्यार्थियों की सूची डाउनलोड करके लंबित विद्यार्थियों की प्रोफाइल को पूर्ण कर सकते हैं। इस प्रोफाइल में पहली से आठवीं के एससी कैटेगरी के विद्यार्थियों को मिलने वाले कैश अवॉर्ड व पहली से आठवीं के सभी विद्यार्थियों के लिए दिए जाने वाले वर्दी भत्ता को शामिल किया गया है। ऐसे में डीईईओ अपने अधीनस्थ खंड शिक्षा अधिकारियों एवं विद्यालयों के मुखिया को निर्देश दें कि स्कूल स्तर पर वन स्कूल एप पोर्टल के लॉग इन में एसओपी में अंकित दिशा-निर्देश अनुसार जिन विद्यार्थियों की प्रोफाइल में बैंक अकांउट, बैंक का नाम, आईएफएससी कोड तथा फैमिली आईडी अंकित नहीं, पूर्ण नहीं अथवा डुप्लीकेट हैं तो निजि स्तर पर रूचि लेते हुए पांच जुलाई तक हर अवस्था में पूर्ण करें ताकि 2023-24 को कोई भी लंबित पात्र विद्यार्थी छात्रवृति अथवा प्रोत्साहन राशि का लाभ प्राप्त करने से वंचित नहीं रहे।

### छात्रों को एक हजार रुपये वार्षिक प्रोत्साहन राशि दी जाती है

गौरतलब है कि राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को एचआर 147 स्कीम के तहत पहली से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों को 800 रुपये व छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को एक हजार रुपये वार्षिक प्रोत्साहन राशि के तौर पर दिए जाते हैं। वहीं एचआर 1 स्कीम के अंतर्गत एससी कैटेगरी के विद्यार्थियों को पहली कक्षा में 740 रुपये, दूसरी कक्षा में 750 रुपये, तीसरी कक्षा में 960 रुपये, चौथी कक्षा में 970, पांचवीं कक्षा में 980 व छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को 1250 रुपये प्रोत्साहन राशि के तौर पर दिए जाते हैं, जो विद्यार्थियों द्वारा दिए गए खातों में जाते हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने बताया कि छात्रवृति प्रोत्साहन स्कीमों के तहत वर्ष 2023-24 के लंबित विद्यार्थियों का डाटा वन स्कूल एप पोर्टल पर पांच जुलाई तक अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह समय तक कार्य पूर्ण कर लें।

# शैक्षणिक ऑडिट के लिए निरीक्षक टीम ने केएम राजकीय कॉलेज का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना


नरवाना। कॉलेज प्राचार्य डॉ मीनू सिंह से बात करते हुए निरीक्षक टीम।

बीते दिन केएम राजकीय महाविद्यालय, नरवाना में शैक्षणिक और प्रशासनिक आडिट के लिए निरीक्षक टीम ने दौरा किया। टीम में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद द्वारा चेयरपर्सन के तौर पर डॉ संजय कुमार सिन्हा, हिंदू कन्या महाविद्यालय से प्राचार्या डॉ पूनम मोर, सोनू कुमार इंडस्ट्रियल एक्सपर्ट बलजीत गोयत एलुमनी ने शिरकत की।

प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने ऑडिट टीम का विधिवत रूप से स्वागत किया और आंतरिक गुणतत्ता आश्वासन सेल आइक्युएसी के समन्वयक प्रो डॉ रोहतास नैन द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेजों को कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। निरीक्षक टीम द्वारा शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यो् से संबंधित दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। इसके बाद टीम द्वारा महाविद्यालय लाइब्रेरी और सभी संबंधित विभागों का दौरा किया गया। डॉ एसके सिन्हा ने बताया कि शैक्षणिक और प्रशासनिक आडिट का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालयों में अकादमिक और प्रशासनिक स्तर और चुनौतियों की समीक्षा करना और भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा को तय करना है।

# मतदान मामले में अव्वल पंचायतें होंगी सम्मानित

- रोजखेड़ा गांव की पंचायत को नगद राशि देकर उचाना अधिकार मंच करेगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

मतों के हिसाब से बेशक गांव छोटे हो लेकिन मतदान करने में सबसे आगे नजर आए। 'यादा मतों वाले गांवों के मतदाताओं को इन गांवों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उचाना अधिकार मंच द्वारा जिन पांच पंचायतों को 'यादा मतदान करने पर सम्मानित किया जाएगा उनमें मतदाओं के मामले में सबसे कम मत वाली ग्राम पंचायत शामिल है। उचाना विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदान करने वाली टाप-5 ग्राम पंचायतों को उचाना अधिकार मंच द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। इसको लेकर मंच ने शेड्यूल बना लिया है, जिसके तहत 16 जून को गांव रोजखेड़ा, 22 जून को सेढ़ा माजरा, 23 जून को कालता गांव, 29 जून को कुचराना खुर्द और 30 जून को गांव जीवनपुर में सम्मान समारोह का आयोजन होगा। इसमें नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। उचाना अधिकार मंच के प्रधान 'योति प्रकाश उर्फ जेपी ने बताया कि उचाना विधानसभा क्षेत्र में रोजखेड़ा गांव के लोगों ने लोकसभा चुनावों में सबसे ज्यादा मतदान किया।


### रजिस्ट्री में एनडीसी नियम समाप्त कर भाजपा ने दी राहत

**उचाना।** युवा भाजपा उचाना मंडलध्यक्ष पंकज करसिंधु ने कहा कि शहरों में कृषि भूमि की रजिस्ट्री में एनडीसी अब जरूरी नहीं होगी ये फैसला सरकार के लेने से लोगों को राहत मिलेंगी। पहले रजिस्ट्री करवाने के लिए नो ड्यूज सर्टिफिकेट (एनडीसी) लेने की जरूरत होती थी। अब भूमि मालिक सीधे रजिस्ट्री करा सकेंगे। इस जमीन पर किसी तरह का संपत्ति कर एवं विकास शुल्क लागू नहीं होगी। इसकी मांग लंबे समय से लोग करते आ रहे है। भाजपा सरकार ने ये मांग पूरी करके लोगों को राहत देने का काम किया है। गरीब लोगों को भी 100-100 गज के प्लॉट देने का काम सरकार कर रही है।

# राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि बेलरखा खेल परिसर में खिलाड़ियों को चयन आज

- 8 से लेकर 19 वर्ष तक के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, तीन साल से फुटबॉल खेल की नर्सरी चल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा को खेल विभाग से फुटबॉल खेल नर्सरी अलॉट की गई है जिसमें 8 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। यह चयन रविवार दिनांक 16 जून को सांयकाल 5 बजे विद्यालय के खेल परिसर में किया जाएगा। प्राचार्य बलजीत गोयत ने बताया मॉडल संस्कृति स्कूल में पिछले तीन साल से फुटबॉल खेल की नर्सरी चल रही है। जिसमें कोच सतपाल बिढान के कुशल मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है नर्सरी से तैयार होकर खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं और अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं। इस वर्ष सुब्रतो कप और बीसी रॉय ट्रॉफी जीतने वाली टीम में बेलरखा गांव के खिलाड़ी शामिल रहे। विद्यालय के खेल परिसर में सुबह शाम सैकड़ो खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

खेल परिसर में प्रकाश की पूर्ण व्यवस्था होने के कारण रात्रि में भी मैच खेले जा सकते हैं। इच्छुक खिलाड़ी अपने सभी दस्तावेजों के साथ ट्रायल देने पहुंचे। खेल नर्सरी अलॉट होने पर सरपंच पृथ्वी सिंह और स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान सूबेदार सुखबीर शर्मा ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# इंडस डिग्री कॉलेज ने शुरू की दाखिला प्रक्रिया

- आवेदकों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर 9466076548, 9671159069, 9996473073 नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। आवेदन करते हुए छात्र। फोटो : हरिभूमि

इंडस डिग्री कॉलेज में डीएचई के निर्देशों के तीन जून से नए सत्र के लिए काउंसलिंग द्वारा यूजी की दाखिला प्रक्रिया शुरू की गई है। जिसकी अंतिम तिथि 25 जून है। इच्छुक विद्यार्थी डीएचई के निर्देशों के तहत ऑनलाइन पोर्टल से अपना पंजीकरण निशुल्क करा कर अपना दाखिला सुनिश्चित कर सकते हैं। प्राचार्य डा. राजेश मलिक ने बताया कि आवेदकों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर 9466076548, 9671159069, 9996473073 व इंटरनेट सुविधा के लिए एडमिशन सेल टीम गठित कर दी गई है। जो दाखिले लेने वाले आवेदकों को नई निशुल्क रजिस्ट्रेशन सुविधा उपलब्ध करवाएंगे व आवेदकों को नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में भी जानकारी प्रदान करेंगे। आवेदकों को दाखिले लेने के लिए अपने साथ आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, परिवार पहचान पत्र, फोटो, बैंक खाता नंबर व दसवीं व बारहवीं की मार्कशीट लेकर आना जरूरी है तथा आरक्षित वर्ग के आवेदक के लिए अपना जाति प्रमाण पत्र व नवीनतम आय प्रमाण पत्र लेकर आना अनिवार्य है। दाखिले बिना प्रवेश परीक्षा के मेरिट के आधार पर किए जाएंगे। डीएचई के द्वारा इंडस डिग्री कॉलेज में बीए मे 120, बीकॉम में 60, बीएससी मेडिकल और नॉन मेडिकल में 60-60 सीटों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। उनके लिए आवेदक सीधे महाविद्यालय में अपने दस्तावेजों के साथ पहुंच कर भी दाखिला ले सकते हैं। जिसमें इच्छुक विद्यार्थी आवेदन अप्लाई कर सकते हैं तथा कॉलेज प्रांगन में भी एडमिशन सेल से भी आप अपना पंजीकरण करा कर अपना दाखिला सुनिश्चित कर सकते हैं। दाखिले की पहली मेरिट लिस्ट तीन जुलाई को प्रदर्शित की जाएगी।

### उचाना में योग जागरण यात्रा निकली

**उचाना।** आयुष विभाग जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के दिश-निर्देश में आयुष योग सहायक सतीश कुमार योगाचार्य के द्वारा गांव खेड़ी मंसानिया की व्यायामशाला में योग जागरण यात्रा निकली गई। आयुष विभाग उचाना के नोडल अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार श्योकंद ने बताया की योग जागरण यात्रा में योग करें, रोज करें, निरोग रहे के नारे लगाए। बच्चों एवं महिलाओं के द्वारा योग जागरण रैली में हाथ के द्वारा लिखित थीम योग करे, रोज करें, निरोग करें योग यात्रा निकाली गई। गांव से बच्चे एवं बुजुर्ग महिलाओं ने पढ़कर भाग लिया और योग के प्रति जागरूक किया।

# 30 को सुनीता करेंगी विस चुनाव का आगाज

- 30 जून की रैली को सफल से सफलतम करके दिखाएंगे : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डा. सुशील गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

आप प्रदेशाध्यख डा. सुशील गुप्ता ने कहा कि 30 जून को सुनीता केजरीवाल जींद आएंगी। वे हरियाणा के 22 जिलों में जाकर कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और जनता को आम आदमी पार्टी के कायों् व प्रोग्राम से नीतियों से अवगत करवाएंगे। डा. गुप्ता शनिवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में हरियाणा की जनता बिजली में पानी के लिए तरस रही है। जींद की शहरों में गांव में तो हाहाकार मचा हुआ है और हालात बहुत गंभीर हो चुके हैं। बिजली की डिमांड बढ़ गई है। रोज-रोज के कट से जनता परेशान हो चुकी है इस वर्ष भीषण गर्मी को देखते हुए 20 प्रतिशत बिजली की डिमांड बड़ी है। जिसको सरकार पूरा करने में विफल रही है प्रदेश के किसानों का बुरा हाल है। ना ही तो उन्हें बिजली मिलती है ना ही पानी मिलता है और ना ही उचित खाद मिलता है। हरियाणा का किसान तो खून के आंसू रो रहा है। उन्होंने कहा कि आप पार्टी मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रही है। एक-एक कार्यकर्ता सभी हरियाणा के लोकसभा अध्यक्ष सभी संगठन मंत्री और सभी जिला अध्यक्ष व सभी कार्यकर्ता बड़ी मजबूती व नई ऊर्जा के साथ पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत बनाने का काम कर रहे हैं और आगामी सुनीता केजरीवाल की 30 जून की रैली को सफल से सफलतम करके दिखाएंगे। हरियाणा की जनता बेसब्री से सुनीता केजरीवाल की इंतजार कर रही है पूरे देश के लोकसभा चुनाव के नतीजे से यह पता चलता है कि जनता बीजेपी की नीतियों के खिलाफत कर रही है।द्ध क्योंकि बीजेपी गोदी मीडिया के हाथों में खेल रही है। 400 पर का नारा खोखला साबित हुआ है और जनता को गुमराह साबित करने वाला हुआ है।



### कर्मचारियों का व्यवहार एवं व्यक्तित्व किसी भी संस्थान की प्रगति का मुख्य आधार: डॉ. दर्शना

**उचाना।** सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय उचाना मंडी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए दक्षता वर्ग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. दर्शन ने की। संचालन हिंदी प्रवक्ता राजबाला ने किया। कार्यक्रम का विषय मानवीय व्यवहार एवं दैनिक क्रियाकलाप रखा गया। डा. दर्शना ने चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों को उनके व्यवहार एवं प्रतिदिन की गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कर्मचारियों का व्यवहार एवं व्यक्तित्व किसी भी संस्थान की प्रगति का मुख्य आधार है। किसी भी व्यक्ति के विकास में उनके व्यवहार एवं क्रियाकलाप की मुख्य भूमिका होती है। महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उनको अपने कार्य के प्रति निष्ठा ,समर्पण एवं जिम्मेदारी की भावना को समझते हुए अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहने का संदेश दिया।

# सरकार किसानों को छोड़ व्यापारियों को लुभाने में लगी: दलबीर नैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



कांग्रेस लीगल सैल जिला कैथल की एक बैठक उपमंडल के चीका शहर में हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान दलबीर नैन ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत की की सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था खेतीबाड़ी है परंतु सरकार किसानों की बजाए व्यापारी वर्ग की अर्थ व्यवस्था मजबूत करने पर लगी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान विरोधी है, जिसके चलते भारत सरकार द्वारा किसानों एम.एस.पी. देने का वायदा करने के उपरांत भी उसे लागू नहीं किया गया है। नैन ने कहा कि हरियाणा सरकार ने किसानों को पानी निकासी के लिए पाइप देने का वायदा किया था, जिसमें सरकार द्वारा भारी सब-सीडी देने का प्रावधान था। उन्होंने कहा कि इसके लिए सैकड़ों किसानों ने फार्म भरे हुए हैं परंतु वह योजना अभी तक ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है और सरकार का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि गुहला में पिछले वर्ष आई भयंकर बाढ़ से सरकार व प्रशासन ने कुछ नहीं सीखा नतीजतन अभी तक बांध पूरी तरह कच्चे ही हैं जबकि सरकार व प्रशासन द्वारा किसानों से वायदा किया गया था कि घग्गर नदी के सभी कच्चे बांधों को कंकरीट के पक्के बांधों में तबदील किया जाएगा। एक बार फिर बरसात का मौसम शुरू होने वाला है किसानों को बाढ़ का खतरा सता रहा है।

## केंद्र की ओर से पारित कानून एक जुलाई से हो रहे लागू

# पुलिसकर्मियों को पढ़ाया नए कानूनों का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। नए कानूनों का पाठ पढ़ाते हुए एसपी सुमित कुमार।

केंद्र सरकार की ओर से पारित किए गए कानून एक जुलाई से लागू हो रहे हैं। इन नए कानूनों के लागू होने से अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने के नियमों की जानकारी को लेकर एसपी सुमित कुमार ने जिला के सभी उप पुलिस अधीक्षक के साथ पुलिस लाइन जींद में थाना प्रभारियों, चौकी इंचार्ज व जिला के अनुसंधानकर्ताओं के साथ पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने तीनों कानूनों की बारिकियां ही नहीं सुझाई बल्कि अधिकारियों को कानून पढ़ने की सीख भी दी ताकि सही तरीके से आरोपितों में कार्यवाही की जा सके।

पुलिस लाइन में प्रेक्षागृह में प्रशिक्षण (कार्यशाला) का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस कप्तान ने देश में लागू होने वाले नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में पुलिस अधिकारियों को जानकारी सांझा की। उन्होंने कहा कि एक जुलाई से नए कानून के तहत पुलिस कार्रवाई करेगी। 30 जून तक सभी पुलिस कार्यवाही पूर्व से लागू आईपीसी, सीआरपीसी व साक्ष्य अधिनियम के अनुसार करेंगे लेकिन एक जुलाई से सभी पुलिस कार्यवाही पुराने कानून के स्थान पर लागू हो रहे इन कानूनों के अनुसार की जाएगी। नए आपराधिक कानूनों की उपयोगिता के बारे में जानकारी भी दी गई। कानूनों के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों व उसकी उपयोगिताओं के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में जरूरी बदलाव के मद्देनजर एक जुलाई से तीन नए कानून लागू होंगे। ये तीन कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम हैं। ये कानून ब्रिटिश काल के भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) इंडियन एविडेंस एक्ट और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की जगह लेंगे।